केन्द्रीय सूचना आयोग
बाबा गंगनाथ मार्ग,
मुनिरका, नई दिल्ली - 110067.

संचिका सं. CICOM/R/2018/00057 दिनांक 11.01.2018

सेवा में,

श्री जगदीश प्रसाद, पुत्र - श्री छोटे लाल,

विषय:- सूचना अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत सूचना ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके गैरदिनांकित आर.टी.आई. आवेदन जो दिनांक 05.01.2018 को केन्द्रीय सूचना आयोग में डायराईज हुआ (डायरी सं. 101362) तथा आयोग के आर.टी.आई. प्रकोष्ठ में दिनांक 10.01.2018 को प्राप्त हुआ, के संदर्भ में अवगत करवाया जाता है कि आपके द्वारा मांगी गई सूचना का धारक केन्द्रीय सूचना आयोग नहीं है ।

इस संदर्भ में उल्लेख किया जाता है कि राज्य सूचना आयोग या राज्य सरकारों के अधीन कार्यरत विभाग/कार्यालय/उपक्रम केन्द्रीय सूचना आयोग के प्रशासनिक/न्यायिक क्षेत्र से बाहर हैं, इसलिए केन्द्रीय सूचना आयोग आयोग द्वारा आपके आवेदन पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं है ।

साथ ही यह भी उल्लेख किया जाता है कि पूर्णतः निजी संस्थाएं/कार्यालय/अस्पताल सूचना अधिकार अधिनियम के दायरे से बाहर हैं तथा सूचना अधिकार अधिनियम के तहत पूर्णतः निजी संस्थाओं/कार्यालयों पर कोई कार्यवाही नहीं की जा सकती ।

यदि आप उपरोक्त सूचना से संतुष्ट नहीं है तो इस सूचना की प्राप्ति के 30 दिनों के अंदर प्रथम अपील श्री आर. के. सिंह, अपर सचिव एवं प्रथम अपीलीय अधिकारी, केन्द्रीय सूचना आयोग, बाबा गंग नाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली- 110067 पर की जा सकती है ।

(ए. के. शर्मा)
केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी,
आर.टी.आई.सेल